विधान सभा प्रश्न

विभाग का नाम	:	बहुउद्देशीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा विभाग
प्रश्न संख्या तारांकित	:	861
उत्तर की तिथि	:	10.12.2018
विषय	:	कम वोल्टेज समस्या
प्रश्नकर्त्ता का नाम	:	श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़)
सम्बन्धित मन्त्री	:	बहुउद्देशीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री

प्रश्न		उत्तर
(क)	गत एक वर्ष में 15 नवम्बर, 2018 तक नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा **Low voltage** की समस्या को दूर करने हेतु कितने ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं; पंचायत व गांववार ब्यौरा दें;	(क),(ख) व (ग) सूचना सभा पटल पर रख दी गई है।
(ख)	नालागढ़ मण्डल में 66 के0वी0 बगलैहड़ (उन्नयन) का कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; और	
(ग)	इस मण्डल के अन्तर्गत बिजली का बिल 4–4 महीने उपरान्त क्यों दिया जा रहा है; ब्यौरा दें?	

तारांकित प्रश्न संख्या 861 जोकि श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़) द्वारा पूछा गया है, से सम्बन्धित सूचना सभा पटल पर रख दी गई है :–

(क) गत एक वर्ष में 15 नवम्बर, 2018 तक हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा नालागढ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में Low voltage की समस्या को दूर करने हेतु सात बिजली के नये ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं जिनका पंचायत व गांववार ब्यौरा **प्रपत्र–अ** पर संलग्न है।

(ख) नालागढ़ मण्डल में 66 के0वी0 बगलैहड़ (उन्नयन) का कार्य मार्च, 2019 तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

(ग) नालागढ़ विद्युत मण्डल में कुल 49803 उपभोक्ता हैं जिन्हे मासिक एवं द्विमासिक आधार पर विद्युत बिल दिए जाते है। इनमें लगभग 15,800 उपभोक्ताओं के बिलो के वितरण मे Billing Software की Upgradation की वजह से विलम्ब हुआ था। शेष 33993 उपभोक्ताओं को मासिक एवं द्विमासिक आधार पर ही बिल वितरित किए गए। वर्तमान में सभी उपभोक्ताओं को तय समय सीमा के तहत विद्युत बिलों का वितरण किया जा रहा है।

प्रपत्र – अ

गत एक वर्ष में 15 नवम्बर, 2018 तक हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड लिमिटेड (नालागढ मण्डल) द्वारा नालागढ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कम वोल्टेज (Low voltage) की समस्या को दूर करने हेतु सात बिजली के नये ट्रांसफार्मर लगाए गए जिनका पंचायत व गांववार ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः–

क्र0 स0	क्षमता (के0वी0ए0)	गॉव	पंचायत
1.	63	महिवाल	गोलजमाला
2.	63	बगलेहर	पल्ली
3.	63	पहरूद कटली	रतवारी
4.	100	घोघरवाल (कृपालपुर)	कृपालपुर
5.	100	अभिपुर (मंझोली)	मंझोली
6.	63	खंग्रुवाल	भोगपुर
7.	25	खंग्रुवाल	बारियां